## ।। कार्यालय महानिदेशक पुलिस राजस्थान, जयपुर ।।

क्रमांकः न–5(59)पु.फो./कानि.भर्ती/2025/5610 दिनांकः– 18.11.2025

कमाण्डेन्ट,
5वीं बटालियन,
आरएसी जयपुर।

विषयः–कॉन्स्टेबल भर्ती–2025 का लिखित परीक्षा के परिणाम के संबंध में।
प्रसंगः–कॉन्स्टेबल भर्ती–2025 हेतु विज्ञप्ति क्रमांक 1360 दिनांक 09.04.2025 व 1535 दिनांक 26.04.2025 एवं 1762 दिनांक 12.05.2025 के क्रम में।

महोदय,

विषयान्तर्गत कान्स्टेबल भर्ती–2025 **की कॉन्स्टेबल सामान्य** भर्ती–2025 हेतु आयोजित लिखित परीक्षा में उपस्थित अभ्यर्थियों के उत्तर–पत्रकों (Answer Sheet) के जांच उपरान्त सफल परीक्षार्थियों का वर्गवार परीक्षा परिणाम विभाग की वैबसाईट पर अपलोड करा दिया गया है।

सफल अभ्यर्थियों के रोल नम्बरों की सूची आपके कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करावें तथा राजस्थान पुलिस वैबसाईट एवं आपके कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा होने की सूचना स्थानीय/प्रादेशिक दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करावें।

शारीरिक मापतौल एवं दक्षता परीक्षा दिसम्बर माह के द्वितीय सप्ताह में आयोजित की जायेगी, जिसके लिए नियत तिथि व स्थान से पृथक से अवगत कराया जायेगा।

**संलग्नः–लिखित परीक्षा परिणाम की प्रति**

भवदीय,
मनोज
18.11.25

**(मनोज कुमार)**
उप महानिरीक्षक पुलिस,
(भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड)
राजस्थान जयपुर।

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ–
1– अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस आर्म्डस बटालियन्स, राजस्थान जयपुर।
2– प्रभारी, पुलिस वैबसाईट को भेजकर लेख है कि उक्त परीक्षा परिणाम को विभाग की वैबसाईट पर शीघ्र अपलोड करावें।

मनोज

उप महानिरीक्षक पुलिस,
(भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड)
राजस्थान जयपुर।